# दिसंबर 2021 में रिलीज़ होगी सलमान खान की 'किक 2'

निर्देशक साजिद नाडियाडवाला ने खुलासा किया है कि सुपरस्टार सलमान खान स्टारर फिल्म 'किक 2' दिसंबर 2021 में रिलीज़ होगी. उन्होंने कहा कि वह 2014 की सुपर हिट फिल्म 'किक' के इस सीक्वल की स्क्रिप्ट जल्द पूरी कर लेंगे. हालांकि 'किक 2' से पहले सलमान और नाडियाडवाला 'कभी ईद कभी दिवाली' के साथ दर्शकों के समाने आएंगे. इस फिल्म के 2021 में ईद पर रिलीज़ की योजना है. फिल्मकार ने कहा,




मैंने 'किक 2' से पहले ही इसकी स्क्रिप्ट लिखनी शुरू कर दी थी. मैं और सलमान छह साल बाद एक साथ काम कर रहे हैं और ऐसा लग रहा है जैसे हमारे 'जुड़वा' वाले दिन वापस आ गए हैं. 'कभी ईद कभी दिवाली' अलग नजरिए वाली फिल्म है और हमें भरोसा है कि दर्शक सलमान को नए अवतार में देखकर बहुत खुश होंगे.

साजिद नाडियाडवाला ने कहा कि अभिनेत्री का चुनाव अभी किया जाना बाकी है. उन्होंने कहा 'किक 2' दिसंबर 2021 में आएगी और में इसकी स्क्रिप्ट को पूरा करने की प्रक्रिया में हूं.

साजिद ने पिछले सितंबर में कहा था कि किक 2 2020 की ईद पर रिलीज नहीं होगी. 'कभी ईद कभी दिवाली' के लेखक व निर्माता नाडियाडवाला हैं और इसका निर्देशन फरहाद सामजी करेंगे.

# जयेशभाई जोरदार में रणवीर सिंह के पिता बनेंगे बमन ईरानी

बॉलिवुड में अलग-अलग तरह के किरदार निभाने के लिए मशहूर ऐक्टर बमन ईरानी एक बार फिर एक दिलचस्प कैरक्टर में दिखाई देंगे। इस बार वह रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म जयेशभाई जोरदार में उनके पिता के किरदार में दिखाई देंगे। बमन का कहना है कि इस फिल्म की स्क्रिप्ट बिल्कुल अलग तरह की है और इसलिए उन्होंने इस रोल को करने का फैसला किया।

फिल्म के बारे में बात करते हुए बमन ने कहा, जयेशभाई जोरदार की स्क्रिप्ट बिल्कुल अलग है और एक बेहतरीन कहानी बताती है। मैंने सिर्फ फिल्म के राइटर और डायरेक्टर दिव्यांग को देखा है जो बेहद टैलेंटेड हैं। उनके जैसा टैलेंट कई सालों में एक बार आता है। उन्होंने बिल्कुल अलग कहानी लिखी है जो मजेदार तरीके से एक पावरफुल मेसेज देती है।

बता दें कि जयेशभाई जोरदार की कहानी एक गुजराती व्यक्ति की है जिसका रोल रणवीर सिंह निभाएंगे। 83 के बाद एक बार फिर बमन रणवीर के साथ काम कर रहे हैं। रणवीर के बारे में उन्होंने कहा, रणवीर के साथ काम करने में हमेशा मजा आता है। वह पावरहाउस परफॉर्मर हैं जो अपने हर सीन में पूरी मेहनत करते हैं। एक कलाकार के तौर पर ऐसे लोगों के साथ काम करने में मजा आता है। मैं उनके पिता का किरदार निभा रहा हूं और यह एक दिलचस्प रिश्ता है जिसके बारे में लोगों को फिल्म देखने के बाद पता चलेगा।

# शिबानी के लिए प्यार जाहिर करते नजर आए फरहान अख्तर

फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर लंबे वक्त से अपने रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। वे फैंस और मीडिया के बीच भी अपनी केमिस्ट्री को लेकर ओपन रहते हैं।

सोशल मीडिया से लेकर फैमिली मेंबर्स के साथ हैंगआउट करने तक, यह कपल लगातार अपने प्यार को जाहिर करता है और अब चर्चा है कि वे साल के अंत तक शादी भी कर सकते हैं।

शिबानी ने कुछ दिनों पहले फरहान को उनके बर्थडे पर एक प्यारे पोस्ट के जरिए विश किया था। पोस्ट में एक तस्वीर थी जिसमें फरहान और शिबानी एकसाथ नजर आ रहे थे।

अब उसी तस्वीर को फरहान ने दूसरे कैप्शन के साथ शेयर किया है। फरहान ने कैप्शन लिखा, जब एक पिक्चर ही सबकुछ कह दे। इसके साथ उन्होंने दिल वाला इमोजी भी बनाया।

बता दें, फरहान और शिबानी सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर कर अपने प्यार को जगजाहिर कर चुके हैं। वकेशन और साथ में पार्टियां करने के बाद कपल रिलेशनशिप को अगले लेवल पर ले जाने के लिए तैयार है। प्रेफेशनल फ्रंट की बात करें तो फरहान अब स्पोर्ट्स ड्रामा तूफान में नजर आएंगे जो कि एक बॉक्सर की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म का डायरेक्शन राकेश ओमप्रकाश मेहरा कर रहे हैं और यह इस साल 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# आने वाली हैं 2 और बायॉपिक

इन दिनों बॉलिवुड में बायॉपिक का दौर चल रहा है। इस बीच, दो और बायॉपिक फिल्में सिल्वरस्क्रीन पर लाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इनमें एक खालिस्तानी आतंकियों के बम धमाकों का निडरता सामना करने वाले पूर्व कांग्रेसी नेता और समाजसेवी एमएस बिट्टा की है, तो दूसरी इंटरनैशनल स्तर पर डांस में इंडिया का परचम लहराने वाले नालासोपारा के डांस ग्रुप किंग्स यूनाइटेड की। रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर इन दोनों फिल्मों को बना रहे निर्माता शैलेंद्र सिंह और प्रिया गुप्ता ने इसकी घोषणा मुंबई में की। यहां एमएस बिट्टा और किंग्स यूनाइटेड के संस्थापक सुरेश मुकुंद भी मौजूद थे।

खालिस्तानी आतंकियों की धमकी के बावजूद अमृतसर के हरमिंदर साहिब के करीब तिरंगा झंडा फहराने की हिम्मत दिखाने वाले मनिंदरजीत सिंह बिट्टा पर इसके चलते कई बार जानलेवा हमला हुआ। 1992 में हुए उन पर एक बम धमाके में 13 लोग मारे गए, जबकि उन्हें अपनी टांग भी गंवानी पड़ी, इसके बावजूद उन्होंने राष्ट्रभक्ति का जज्बा कम नहीं होने दिया।

शहीद भगत सिंह को प्रेरणा मानने वाले ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन मनिंदरजीत सिंह बिट्टा से जब पूछा गया कि उनके मुताबिक, कौन सा ऐक्टर उनके किरदार को परदे पर उतार सकता है, तो उन्होंने कहा, यह फैसला तो प्रड्यूसर्स ही करेंगे, लेकिन जहां तक मेरी बात है, शहीद-ए-आजम भगत सिंह पर बहुत सी मूवी बनी, लेकिन आज भी जब मैं अजय देवगन को देखता हूं, तो मुझे उसमें शहीद-ए-आजम भगत सिंह नजर आते हैं। मैं नहीं कहता कि मेरी बायॉपिक में उन्हें लें, लेकिन उनका सीरियसपन कमाल था। मेरी पिक्चर में भी में जज्बात होंगे, रोना होगा, राष्ट्र होगा, वंदे मातरम होगा, हंसी नहीं होगी।

उन्होंने नई पीढ़ी के ऐक्टर्स रणवीर सिंह और विकी कौशल का नाम भी लिया। बकौल एमएस बिट्टा, आज के युग में रणवीर सिंह, विकी कौशल जैसे कई नए लड़के भी हैं, जो अच्छा रोल अदा कर सकते हैं। जैसे, रणवीर सिंह ने कपिल देव का बहुत अच्छा रोल किया है। बाकी, तो प्रड्यूसर्स ही तय करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह फिल्म युवाओं में यह जज्बा और बढ़ाएगी कि राष्ट्र सबसे ऊपर है।

मुंबई के नालासोपारा इलाके के चॉल में पले-बढ़े सुरेश मुकुंद ने बीते साल अपनी टीम किंग्स यूनाइटेड के साथ दुनिया के सबसे बड़े डांस कॉम्पिटिशन में वर्ल्ड चैंपियन बनकर देश का मान बढ़ाया। उनके इसी शानदार सफर को परदे पर उतारा जाने वाला है। खास बात यह है कि इससे पहले रेमो डिसूजा निर्देशित फिल्म एबीसीडी 2 भी सुरेश की जिंदगी से ही प्रेरित थी। ऐसे में इस बार क्या नया होगा? यह पूछने पर वह बताते हैं, हम तीन बार इंटरनैशनल कॉम्पिटिशन में जा चुके हैं। पहली बार फाइनलिस्ट थे, दूसरी बार ब्रॉन्ज जीता, जबकि पिछले साल हम विनर बने। एबीसीडी 2 हमारे पहली बार के कॉम्पिटिशन से प्रेरित है कि कैसे हमने एक इंटरनैशनल टीम, जिससे हम खुद इंस्पायर्ड थे, उनको हराया। यह उस सिचुएशन पर है। जबकि, यह बायॉपिक है कि हर बार इंटरनैशनल प्रतियोगिता के लिए हमें कितनी मेहनत करनी पड़ी, कैसे टीम बनी, टूटी, फिर हमने नई टीम बनाई और जीते। हमारी आर्थिक स्थिति और दिक्कतें क्या रहीं। यह फिल्म सिर्फ सुरेश मुकुंद की नहीं है, हमारी पूरी टीम किंग्स यूनाइटेड और इसके 14 मेंबर्स की कहानी है। वहीं, जब हमने सुरेश से जानना चाहा कि एक बार वरुण धवन पहले ही उनका किरदार परदे पर निभा चुके हैं, ऐसे में उन्हें क्या लगता है कि इस फिल्म में कौन फिट रहेगा? तो उनका कहना था, मेरे फेवरिट रितिक रोशन हैं। मैंने रितिक को देखकर डांस शुरू किया है, तो अगर वह मेरा रोल करें, तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी। यह दूसरों के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा होगी कि ऐसा भी हो सकता है।

# दीवाना कर देगी मल्लिका शेरावत की फिटनेस और ब्यूटी

मल्लिका शेरावत बॉलिवुड की ऐसी अदाकारा हैं, जिन्होंने करियर में पीक पर रहने के दौरान कई ट्रेंड्स सेट किए और कई रुढ़ियों को तोड़ा। मल्लिका की हॉटनेस, ऐक्टिंग और डांस को लाइव बनाने में उनकी बॉडी और फिटनेस का खासा रोल रहता था। उस वक्त में मल्लिका हर किसी के लिए एक फिटनेस इंस्पिरेशन थीं। खास बात यह है कि उन्होंने अपनी इस फिटनेस को आज भी ऐसे ही बना रखा है।

हालही मल्लिका ने सोशल मीडिया पर अपना एक विडियो पोस्ट किया है, जिसमें योग के प्रति उनका प्यार देखा जा सकता



है। मल्लिका शेरावत का कहना है कि वे अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए कुछ प्रॉप्स के साथ योग करना पसंद करती हैं। इससे पहले भी मल्लिका योग के अलग-अलग आसन करते हुए अपनी फोटोज और विडियोज अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करती रही हैं।

ताजा विडियो में मल्लिका अपनी योग टीचर ज्योति के साथ मिलकर बैकबेंड्स की प्रैक्टिस कर रही हैं। इससे पहले उत्तासन करते हुए उन्होंने अपनी एक विडियो शेयर की थी और लिखा था कि वे फॉरवर्ड बेंडिंग की प्रेक्टिस कर रही हैं, अपनी योग टीचर की देखरेख में।

# गो गोवा गॉन 2 की तैयारी शुरू

साल 2013 में रिलीज़ हुई अभिनेता सैफ अली खान, वीर दास, पूजा गुप्ता और कुनाल खेमू स्टारर फिल्म गो गोवा गॉन का दूसरा भाग बनाया जाएगा। गो गोवा गॉन 2 की कहानी और स्क्रिप्ट का काम शुरू हो गया है। ज़ॉम-कॉम जॉनर वाली इस फिल्म में कलाकारों के चयन से जुड़ी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। दरअसल जब फिल्म का पहला पार्ट बनाया गया था सैफ अली खान और प्रड्यूसर दिनेश विजन दोस्त थे, सैफ फिल्म के निर्माता भी थे।




गो गोवा गॉन के कुछ समय बाद ही सैफ और दिनेश की दोस्ती में दरार आ गई और दोनों अलग हो गए। अब जब इस फिल्म का पार्ट 2 बनाए जाने की बात हो रही है तब क्या सैफ फिल्म में काम करेंगे। फिल्म से जुड़े सूत्र बताते हैं, गो गोवा गॉन 2 की कहानी जिस तरह से तैयार हो रही है, उसके हिसाब से फिल्म का सीक्वल मूल से बेहतर और ज्यादा मजेदार होगा।

कुनाल खेमू, आनंद तिवारी और सैफ अली खान अभिनीत फिल्म का निर्देशन राज निदीमोरू और कृष्णा डीके की जोड़ी ने किया था। खबर है कि गो गोवा गॉन 2 में वीर दास को अभी से साइन कर लिया गया है। निर्माता दिनेश कहते हैं, अब निश्चित तौर पर एक अच्छी फिल्म बनाने का दबाव है। यह पहले वाली फिल्म जितनी ही मजेदार होनी चाहिए। हमने निर्देशकों से मुलाकात की और मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह पहली फिल्म से बेहतर बनेगी।

गो गोवा गॉन 2 को इरोज इंटरनैशनल और मड-डॉक फिल्म्स मिलकर प्रड्यूस करेंगे। दिनेश विजन और सुनील लुल्ला की मानें तो फिल्म का पहला भाग दोनों के लिए ही बेहद स्पेशल रहा है। फिल्म के सभी किरदार अब तक दोनों की जहन में हैं। दिनेश विजन इन दिनों अपनी जान्हवी कपूर, राजकुमार राव, वरुण शर्मा और पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म रूही आफज़ा के अलावा इरफान खान, करीना कपूर और राधिका मदान स्टारर अंग्रेजी मीडियम के काम में बिजी हैं।